बाढ़ से सुरक्षा के उपाय

क्या करें:

- अपने शहर/गांव में बाढ़ की संभावना और विगत में बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें
- अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्त्वपूर्ण दस्तावेजों की सुरक्षा करने की योजना बनाएं
- प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र स्थलों की जानकारी रखें
- आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ, पेयजल, आवश्यक दवाएँ, रेडियों, टॉर्च, जरूरी कागजात, आपात दूरभाष नम्बर सूची, मोमबत्ती, माचिस, रस्सी आदि शामिल हों तथा इसे उपयोग हेतु चालू हालत में रखें
- पालतु जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊँचे स्थानों पर भेज दें या जल स्तर बढ़ रहा हो, तो उन्हें खुला छोड़ दें
- स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें, अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षित, ऊँचे स्थानों पर चलें जाएं
- यदि स्थान छोड़ रहे हैं, तो अपने साथ आपातकालीन किट जरूर ले जाएं
- घर छोड़ने से पहले बिजली का मुख्य स्विच, गैस और पानी के नलो को बंद कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें
- पुलिस/दमकल अधिकारियों के अनुदेशों का पालन करें व उन्हें सहयोग दें, आपकी सुरक्षा उनका ध्येय है
- उबाला हुआ या क्लोरीन की टेबलेट से साफ किया हुआ पानी पियें
- सांप, विषधर प्राणियों से बचकर रहें, प्रायः बाढ़ के समय सांप के काटने की घटनाएं होती है
- नवीनतम जानकारी हेतु स्थानीय मौसम और समाचार रिपोर्टों को सुनें
- अपने आसपास वातावरण को साफ एवं स्वच्छ रखें

क्या न करें:

- बाढ़ का पानी न पियें और न ही उससे भोजन पकाएं, बाढ़ के पानी के सम्पर्क में आया हुआ खाद्य पदार्थ न खायें न ही बाढ में मौजूद मछली और जलीय जीवों को न खायें
- बाढ़–ग्रस्त क्षेत्र में ना जाएं तथा गाड़ी चलाने से बचें
- मदद के बिना बाढ़ के पानी में ना जाएं, बच्चों को बाढ़ के पानी के पास खेलने ना दें
- उन बिजली उपकरणों का प्रयोग न करें, जो बाढ़ के पानी में भीगे हों
- जन प्राधिकरणों द्वारा सुरक्षित घोषित किए जाने तक अपने घर वापस न आएं
- अफवाहें न फैलायें और न ही उन पर ध्यान दें

Acknowledgment : NIDM, New Delhi

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
राजस्व विभाग-आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जनहित मे जारी।

Email: sdma-hp@nic.in
Website: www.hpsdma.nic.in
Follow us: www.facebook.com/sajaghimachal
राज्य आपदा प्रबंधन हैल्पलाईन (टॉल फ्री) - 1070

राजकीय मुद्रणालय, हि0 प्र0, शिमला–1253–राजस्व/16–16-9-2016–100 प्रतियां।